कब्स बुलबुल एकदिवसीय शिविर का आयोजन

आज दिनांक 10/12/19 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल में कक्षा चौथी एवं पाँचवी के विद्यार्थियों के लिए कब बुलबुल एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ कविता वाचन के साथ किया गया। समस्त प्रतिभागियों बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने 'प्रकृति' एवं कक्षा पाँचवी के विद्यार्थियों ने 'सड़क सुरक्षा 'के सदर्भ में अपने विचार किए।

इसके उपरांत कब बुलबुल की गतिविधियों का प्रारंभ तारा की कहानी एवं मोगली की कहानी के साथ किया गया। इसी तारतम्य में चित्रकारी प्रतियोगिता (भलाई के कार्य विषय पर) मुखौटा बनाना (जंगली जानवरों के) वृक्ष साज – सज्जा प्रतियोगिता ,रस्सी कूद, योगा, कलामुंडी, वृक्ष पर चढ़ना ,चित्रकारी द्वारा घोंसला बनाना पेपर द्वारा बैग बनाना लिफाफा बनाना आदि अनेक प्रतियोगिताओं एवं गतिविद्धियों का आयोजन किया गया। समस्त प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में कब एवं बुलबुल ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत विद्यालय के प्राथमिक विभाग की कोआर्डिनेटर सिस्टर ऐंजल ने किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि ने प्रमाण – पत्र प्रदान किए।

कब बुलबुल गतिविधियों के अंतर्गत बुलबुल ग्रीटिंग प्रस्तुत किया गया सैल्यूट एवं निनाद के स्वरों से समस्त विद्यालय प्रांगण गूँज उठा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को संबोधत करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनकी शिविर के अंतर्गत की गई गतिविधियों की प्रशंसा की।

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के ने समस्त विद्यार्थियों की गतिविधियों का अवलोकन कर उनका उत्साह बढ़ाया एवं कब ,बुलबुल के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।